Regd. No. CHD/0093/2015–2017

Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 176-2016/Ext.] CHANDIGARH, FRIDAY, OCTOBER 28, 2016 (KARTIKA 6, 1938 SAKA)

हरियाणा सरकार

वित्त विभाग

अधिसूचना

दिनांक 28 अक्तूबर, 2016

संख्या 1/20/2016(ऐ.सी.पी.)–5 पी.आर. (एफ.डी.).— भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् –

1. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ तथा उद्देश्य :–

(1) ये नियम हरियाणा सिविल सेवा (सुनिश्चित जीविका प्रगति) नियम, 2016, कहे जा सकते है।

(2) ये नियम जब तक, सरकार द्वारा व्यक्तियों की किसी श्रेणी अथवा प्रवर्ग के लिए अन्यथा उपबंधित न किए गए हों, जनवरी 2016, के प्रथम दिन से लागू हुए समझे जायेंगे ।

(3) इन नियमों का उद्देश्य हरियाणा के सरकारी कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीमों के दो प्रवर्ग प्रदान करना है। स्कीम का प्रथम प्रवर्ग कुछ काडरों/पदों/सेवाओं के लिए काडर–विशिष्ट सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम है। स्कीम का दूसरा प्रवर्ग मुख्यतः सामान्य सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम के रूप में सेवा में गतिहीनता को दूर करने के लिए है। द्वितीय प्रवर्ग स्कीम सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि सभी सरकारी कर्मचारियों, जिनके काडर किसी काडर विशिष्ट सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम के अंतर्गत नहीं आते हैं, को कम से कम तीन वित्तीय अपग्रेडेशन मिलें, जिसमें ऐसे सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपने सम्पूर्ण कैरियर के दौरान वृत्तिमूलक पदोन्नति के परिणामस्वरूप प्राप्त वित्तीय अपग्रेडेशन भी शामिल है । यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास करेगी कि जब तक वह पहले से ही अपने कैरियर में तीन वित्तीय अपग्रेडेशन का लाभ प्राप्त नहीं कर लेता, कोई भी सरकारी कर्मचारी आठ वर्ष से अधिक के लिए किसी वित्तीय अपग्रेडेशन के बिना गतिहीन न रहे।

2. सरकारी कर्मचारी के प्रवर्ग जिनको ये नियम लागू हैं: –

(1) इन नियमों के अधीन अन्यथा यथा उपबंधित के सिवाय ये सिविल सेवाओं में नियुक्त व्यक्तियों तथा हरियाणा सरकार के कार्यकलापों से सम्बन्धित पदों जो हरियाणा सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं तथा जिनका वेतन हरियाणा राज्य की संचयी निधि के नामे डालने योग्य हैं, को लागू होंगे।

टिप्पण–ये नियम सैनिक पेन्शनरों सहित पुनः नियोजित पेंशनरों को लागू होंगे जो प्रथम जनवरी, 2016 से पेंशन के पुनरीक्षण के अध्यधीन विद्यमान वेतन ढांचे में वेतन ले रहे हैं।

2. ये नियम निम्नलिखित को लागू नहीं होंगे–

(क) हरियाणा सरकार के कार्यकलापों के सम्बन्ध में कार्य कर रहे अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्य;

(ख) हरियाणा सरकार के कार्यकलापों के सम्बन्ध में कार्य कर रहे न्यायिक सेवाओं के अधिकारी;

(ग) ऐसे व्यक्ति जो पूर्णकालिक नियोजन में नहीं हैं;

(घ) ऐसे व्यक्ति जिन्हें मासिक आधार पर से अन्यथा भुगतान किया जाता है, जिनमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं जिन्हें केवल मात्रानुपाती दर के आधार पर या दैनिक मजदूरी आधार पर या संविदा आधार पर या आउटसोर्सिंग पॉलिसियों के अधीन नियुक्ति पर भुगतान किया जाता है;

3. परिभाषाएं:– इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) किसी सरकारी कर्मचारी के सम्बन्ध में "ए.सी.पी. स्तर" से अभिप्राय है, तत्समान सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर जिसमें सरकारी कर्मचारी इन नियमों के लागूकरण के फलस्वरूप उसके वर्तमान वेतन ढांचे के पद में रखने के लिए पात्र या हकदार हैं;

(ख) "लागू स्तर" से अभिप्राय होगा, प्रथम जनवरी 2016 को अनुसूची–। में विनिर्दिष्ट वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान के तत्समान ए.सी.पी. स्तर;

(ग) "काडर विशिष्ट सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम" से अभिप्राय है, कोई स्कीम, जो इन नियमों के क्षेत्र के भीतर आती है और इन नियमों की अनुसूची । के भाग । में यथा वर्णित है;

(घ) "सी.एस.आर." से अभिप्राय है, समय–समय पर यथा संशोधित हरियाणा सरकारी कर्मचारियों को यथा लागू सिविल सेवा नियम;

(ड़) "सीधी भर्ती" से अभिप्राय है, पद जिस पर कोई सरकारी कर्मचारी सरकारी सेवा में नियमित तथा सीधे रंगरूटी के रूप में भर्ती किया गया था तथा ऐसी भर्ती से सरकार के लगातार नियोजन में है;

(च) "विद्यमान मूल वेतन" से अभिप्राय है, प्रथम जनवरी 2016 को या दिसम्बर, 2015 को वर्तमान ढांचे में विकल्प की तिथि को वेतन, इसमें वेतन की कोई अन्य किस्म जैसे "विशेष वेतन" "वैयक्तिक वेतन" इत्यादि शामिल नहीं है,

(छ) किसी पद अथवा किसी सरकारी कर्मचारी के सम्बन्ध में "विद्यमान ए.सी.पी. वेतन ढ़ांचा" से अभिप्राय है, इन नियमों के लागू होने से ठीक पूर्व तिथि को पुनरीक्षित ए.सी.पी. वेतन ढांचा;

(ज) "सामान्य ए.सी.पी. स्कीम के अधीन प्रथम/द्वितीय/तृतीय सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर" से अभिप्राय है, अनुसूची–। के भाग ।। के खाना 3 में वर्णित प्रथम जनवरी, 2016 को वृत्तिमूलक ग्रेड वेतन के संदर्भ में अनुसूची–। के भाग ।। के क्रमशः खाना 3, 4 तथा 5 में यथावर्णित सामान्य ए.सी.पी. स्कीम के अधीन आने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए उच्चतर स्तर के सम्बन्ध में प्रथम/द्वितीय/तृतीय वित्तीय अपग्रेडेशन और क्रमशः प्रथम ए.सी.पी स्तर, द्वितीय ए.सी.पी. स्तर तथा तृतीय ए.सी.पी. स्तर के रूप में निर्दिष्ट किया जायेगा;

(झ) ''सरकार'' से अभिप्राय है, इन नियमों द्वारा अथवा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय, वित्त विभाग में हरियाणा सरकार;

(ञ) "सरकारी कर्मचारी" से अभिप्राय है, जिनको इन नियमों का नियम 2 लागू है;

(ट) "छुट्टी" से अभिप्राय है, "आकस्मिक छुट्टी" के सिवाय सिविल सेवा नियम में यथा परिभाषित कोई स्वीकृत छुट्टी। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना किसी प्रकार की अनुपस्थिति छुट्टी के रूप में नहीं समझी जाएगी;

(ठ) "व्याख्यात्मक ज्ञापन" से अभिप्राय है, इन नियमों के स्वरूप, औचित्य, उद्देश्यों, प्रयोज्यता इत्यादि को संक्षिप्त रूप से स्पष्ट करने वाले अनुबन्ध 1 के रूप में इन नियमों से संलग्न व्याख्यात्मक ज्ञापन;

(ड) किसी सरकारी कर्मचारी या पद के सम्बन्ध में "वर्तमान वेतन ढांचा" से अभिप्राय है, इन नियमों के लागू होने से ठीक पूर्व लागू नियमों के अधीन अनुज्ञेय ए.सी.पी. वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन;

(ढ) व्यक्ति से अभिप्राय है, व्यक्ति जो इन नियमों के प्रयोजन के लिए सरकारी कर्मचारी है ।

(ण) "पुनरीक्षित उपलब्धियों" से अभिप्राय है, पुनरीक्षित वेतन ढांचे में सरकारी कर्मचारी का ए.सी.पी. स्तर में वेतन;

(त) "अनुसूची" से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

4. काडर विशिष्ट सुनिश्चित प्रगति स्कीम ।

अनुसूची । के भाग । के खाना 2 में वर्णित कुछ काडरों/पदों/सेवाओं के लिए अनुसूची 1 के भाग । के खाना 4 में वर्णित ए.सी.पी. स्तर उन सभी सरकारी कर्मचारियों को अनुज्ञेय होगा जो पात्रता के अध्यधीन सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा ऐसे विशिष्ट काडरों/सेवाओं के सदस्य बन जाते हैं ।

5. सामान्य सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम ।

अनुसूची । के भाग ।। के खाना 3, 4 तथा 5 में यथावर्णित प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय ए.सी.पी. स्तर के रूप में वित्तीय अपग्रेडेशन प्रथम जनवरी, 2016 के वृत्तिमूलक ग्रेड वेतन के संदर्भ में इस स्कीम के अधीन आने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों को अनुज्ञेय होगी। तथापि, पदोन्नति के बाद में पद धारण करने वाले कर्मचारी के मामले में, हकदारी ए.सी.पी. स्तर प्रथम जनवरी, 2016 को पदोन्नत पद का विद्यमान वृत्तिमूलक ग्रेड वेतन के तत्समान वेतन स्तर का होगा।

6. काडर विशिष्ट ए.सी.पी. स्तर प्रदान के लिए पात्रता ।

काडर विशिष्ट ए.सी.पी. वेतन स्तर प्रदान करने के लिए पात्रता की शर्तें नीचे नियम 8 में दी गई पात्रता की सामान्य शर्तों से अलग इन नियमों की अनुसूची । के भाग । में यथा वर्णित अनुसार होगी।

टिप्पणः– (1) संवर्ग संख्या से अभिप्राय है, किसी संवर्ग में कुल स्वीकृत पद।

टिप्पणः– (2) जहां ए.सी.पी. स्तर प्रदान करना संवर्ग संख्या की प्रतिशतता तक सीमित है तो यह निम्नलिखित रीति में लिखा जाएगा :–

(i) यदि ए.सी.पी. स्तर कुल संवर्ग संख्या का बीस प्रतिशत तक उपलब्ध है, तो संवर्ग की न्यूनतम संख्या तीन होनी चाहिए। यह केवल एक पात्र सरकारी कर्मचारी को अनुज्ञेय होगी जहां संवर्ग संख्या तीन से सात तक पदों की है।

(ii) यदि ए.सी.पी. स्तर कुल संवर्ग संख्या का पन्द्रह प्रतिशत तक उपलब्ध है, तो संवर्ग की न्यूनतम संख्या चार होनी चाहिए। यह केवल एक पात्र सरकारी कर्मचारी को अनुज्ञेय होगी जहां संवर्ग संख्या चार से दस तक पदों की है।

टिप्पणः– (3) नियम 8 के नीचे टिप्पण 1 तथा 2 भी देखें ।

7. सामान्य ए.सी.पी. स्कीम के अधीन ए.सी.पी. स्तर देने के लिए पात्रता।

(1) वेतन के आहरण के प्रयोजनों के लिए सामान्य ए.सी.पी. स्कीम के अधीन आने वाला प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, प्रथम ए.सी.पी. स्तर (प्रथम जनवरी, 2016 को उसके पद के वृत्तिमूलक वेतन ढांचे के सम्बन्ध में अनुसूची । के भाग ।। के खाना 3 में दिया गया) प्राप्त करने का पात्र होगा, यदि उसने नियमित संतोषजनक सेवा के आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं तथा उसे पद जिसके लिए वह सीधी भर्ती के रूप में भर्ती किया गया था के वृत्तिमूलक वेतन ढांचे के संदर्भ में इन आठ वर्षों में कोई वित्तीय अपग्रेडेशन नहीं मिली है।

(2) वेतन के आहरण के प्रयोजनों के लिए सामान्य ए.सी.पी. स्कीम के अधीन आने वाला प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, प्रथम ए.सी.पी. स्तर (प्रथम जनवरी, 2016 को उसके पद के वृत्तिमूलक वेतन ढांचे के सम्बन्ध में अनुसूची । के भाग ।। के खाना 4 में दिया गया) प्राप्त करने का पात्र होगा, यदि उसने नियमित संतोषजनक सेवा के सोलह वर्ष पूरे कर लिए हैं बशर्ते कि उसने पद जिसके लिए वह सीधी भर्ती के रूप में भर्ती किया गया था, के वृत्तिमूलक वेतन ढ़ांचे के संदर्भ केवल एक वित्तीय अपग्रेडेशन प्राप्त की है ।

(3) वेतन के आहरण के प्रयोजनों के लिए सामान्य ए.सी.पी. स्कीम के अधीन आने वाला प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, प्रथम ए.सी.पी. स्तर (प्रथम जनवरी, 2016 को उसके पद के वृत्तिमूलक वेतन ढांचे के सम्बन्ध में अनुसूची । के भाग ।। के खाना 5 में दिया गया) प्राप्त करने का पात्र होगा, यदि उसने नियमित संतोषजनक सेवा के चौबीस वर्ष पूरे कर लिए हैं और उसने पद जिसके लिए वह सीधी भर्ती के रूप में भर्ती किया गया था के वृत्तिमूलक वेतन ढांचे के संदर्भ में अब तक दो से अधिक वित्तीय अपग्रेडशन प्राप्त नहीं की है ।

(4) पदोन्नत सरकारी कर्मचारी के मामले में, उस द्वारा बिना किसी वित्तीय अपग्रेडेशन के पदोन्नत पद पर नियमित संतोषजनक सेवा के आठ वर्ष पूरे किए जाने के उपरान्त ही अगले ए.सी.पी. स्तर के लिए विचार किया जाएगा और वह पदोन्नत पद जिसको धारण करता है के स्तर के संदर्भ में अगले ए.सी.पी. स्तर वेतन के लिए हकदार होगा :

परन्तु सरकारी कर्मचारी ए.सी.पी. अपग्रेडेशन प्राप्त करने के लिए हकदार नहीं होगा, यदि वह अपने कैरियर में पहले ही किसी भी रूप में तीन वित्तीय अपग्रेडेशन प्राप्त कर चुका है ।

व्याख्या 1:–इन नियमों के प्रयोजन के लिए "नियमित संतोषजनक सेवा" से अभिप्राय होगा, नीचे वर्णित नियमित आधार पर सेवा संतोषजनक के रूप में समझी जाएगी यदि इस अवधि के दौरान सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध कोई भी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां लम्बित नहीं हैं और इस अवधि की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में ईमानदारी के बारे में कोई भी प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं की गई हैं :–

1. हरियाणा सरकार के विभाग में या तो सीधी भर्ती द्वारा या अन्यथा नियमित आधार पर किसी पद पर कार्यग्रहण करने की तिथि से सेवा ।
2. प्रतिनियुक्ति या विदेश सेवा में व्यतीत की गई अवधि इन नियमों के प्रयोजन के लिए 'नियमित सेवा' में गिनी जाएगी।

3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से स्वीकृत की गई सभी प्रकार की छुट्टी (चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना असाधारण छुट्टी को छोड़कर) ।

4. हरियाणा सरकार के अधीन सीधी भर्ती द्वारा या अन्यथा एक विभाग से दूसरे में नियुक्ति पर, पूर्व नियमित संतोषजनक सेवा जहां वेतन ढांचा/वेतन स्तर तथा दोनो पदों की सेवा लाईन समरूप/एक समान है गिनी जाएगी । तथापि, इन नियमों के अधीन सरकारी कर्मचारी पर विचार नहीं किया जाएगा जब तक वह नए पद की परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूरी नहीं कर लेता है । पहले से प्राप्त की गई वित्तीय अपग्रेडेशन भी दृष्टिगत रखी जाएगी ।

व्याख्या के प्रयोजन के लिए, –

सेवा लाईन से अभिप्राय है, कार्य रूप–रेखा का वही स्वरूप उदाहरणतः इन नियमों के अधीन आने वाले एक समान वेतन ढांचे के पद के इंजिनियरी से इंजिनियरी संवर्ग में नियुक्ति, तथापि, (परिचालक) से लिपिक की नियुक्ति शामिल नहीं है।

5 नियुक्ति/पदोन्नति के डीम्ड तिथि का लाभ ज्येष्ठता में गिना जाएगा।

6 किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा दी गई सेवा की अवधि जिसे नियमित आधार पर कार्य करते समय विहित कोटा में तदर्थ पदोन्नति दी गई है तथा बाद में उसी पद पर नियमित किया गया है, तो उसकी तदर्थ पदोन्नति की सेवा अवधि नियमित संतोषजनक सेवा के रूप में मानी जाएगी ।

7 सरप्लस घोषित किए गए हरियाणा सरकार के किसी विभाग/बोर्ड/निगम के सरप्लस कर्मचारियों द्वारा दी गई पूर्व नियमित सेवा तथा बाद में वेतन संरक्षण के लाभ सहित अन्य विभागों में स्थानांतरण आधार पर नियुक्ति या समायोजित ए.सी.पी. स्तर प्रदान करने के लिए भी गिनी जाएगी; बशर्ते कि पहले से प्राप्त की गई वित्तीय अपग्रेडेशनों को भी हिसाब में लिया जाएगा ।

नियमित संतोषजनक सेवा में निम्नलिखित शामिल नहीं है, –

1 नियमन द्वारा ग्रहण की गई तदर्थ/संविदा/वर्कचार्जड आधार/दैनिक मजदूरी के रूप में की गई सेवा गिनी नहीं जाएगी।

2 सीधी भर्ती द्वारा अथवा अन्यथा निम्नतर या उच्चतर वेतनमान/वेतन ढांचे के पद पर उसकी पश्चात्वर्ती नियुक्ति पर किसी कर्मचारी की पूर्व सेवा। पहले से प्राप्त किए गए द्वितीय अपग्रेडेशन हिसाब में नहीं लिए जाएगें।

3 हरियाणा सरकार के किसी विभाग में नियुक्ति से पूर्व किसी अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार में की गई पूर्व सेवा ।

4. सिविल सेवा में उसके पुनः नियोजन से पूर्व किसी भूतपूर्व सैनिक द्वारा दी गई सैनिक सेवा (आपातकाल सैनिक सेवा से भिन्न ज्येष्ठता में गिनी जाएगी) ।

टिप्पणः– 1- पश्चात्वर्ती नियुक्ति ग्रहण करने के लिए सेवा से त्यागपत्र तकनीकी औपचारिकता होगी यदि उसके लिए आवेदन उचित प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

टिप्पणः– 2- ऊपर परिभाषित नियमित सेवा संतोषजनक सेवा के रूप में समझी जाएगी यदि सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध कोई भी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां लम्बित नहीं है। नियमित सेवा की अवधि के दौरान वार्षिक गोपनीय रिपार्ट में ईमानदारी के बारे में कोई प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं की गई हैं।

व्याख्या 2:– इन नियमों के प्रयोजनों के लिए "वित्तीय अपग्रेडेशन से अभिप्राय होगा, किसी सरकारी कर्मचारी को प्रदान किया गया निम्नलिखित किसी प्रकार का लाभ

1. हरियाणा सिविल सेवा (सुनिश्चित जीविका प्रगति) नियम, 1998 या 2008 के अधीन प्रथम, द्वितीय या तृतीय ए0सी0पी0 अपग्रेडेशन प्रदान करना।

2. पदोन्नत पद के वेतनमान में अगली स्टेज या एक वेतन वृद्धि या अधिक के लाभ सहित उसी या उच्चतर वेतनमान में एक पद से दूसरे में पदोन्नति।

3. पदोन्नत पद के न्यूनतम वेतनमान या वेतन बैंड से कम स्टेज पर ए0सी0पी0 वेतन ढ़ांचे में वेतन लेते समय पदोन्नति जहां एक वेतन वृद्धि के समान या से अधिक लाभ सहित पदोन्नत पद के न्यूनतम वेतनमान या वेतन ढ़ांचे के न्यूनतम पर नियत किया जाता है।

4. उच्चतर मानक वेतनमान में वेतन लेते समय अगली स्टेज या अधिक के लाभ सहित प्रथम जनवरी, 1996 से पूर्व पदोन्नति।

5. उच्चतर मानक वेतनमान प्रदान करना बशर्ते कि वेतन हरियाणा सिविल सेवा (सुनिश्चित जीविका प्रगति) नियम, 1998 के अधीन अनुज्ञेय उच्चतर मानक वेतनमान से ए0सी0पी0 वेतनमान में सीधे रूप से नियत किया गया था।

6. प्रथम जनवरी, 2016 के बाद किसी तिथि से वेतन स्तर का रूपांतरण।

7. प्रथम जनवरी, 2016 से पूर्व या बाद चाहे कोई भी कारण हो ए0सी0पी0 वेतन या ए0सी0पी0 स्तर की बढोतरी का लाभ।

8. सलैक्शन ग्रेड प्रदान करना बशर्ते सरकारी कर्मचारी फीडर पद के सलैक्शन ग्रेड में वेतन लेते समय उच्चतर वेतनमान के पद पर पदोन्नत किया गया था।

9. हरियाणा सिविल सेवा (सुनिश्चित जीविका प्रगति) नियम, 2008 की विशेष हकदारी के अधीन लाभ प्रदान करना।

10. सोलह वर्ष या अधिक की नियमित संतोषजनक सेवा के पूर्ण होने पर सीधे रूप से द्वितीय ए0सी0पी0 प्रदान करना एक की बजाय दो वित्तीय अपग्रेडेशन मानी जाएगी।

लाभ जो वित्तीय अपग्रेडेशन नहीं माने जाएगें:–

1. ग्रुप 'ग' या 'घ' पद में ग्यारहवीं/बाईसवीं स्टेज पर या आठ/ अठारह वर्षों की सेवा पर अतिरिक्त वेतन वृद्धि (वेतन वृद्धियों) का लाभ।

2. सलैक्शन ग्रेड/उच्चतर मानक वेतन मान प्रदान करना वित्तीय अपग्रेडेशन नहीं होगा यदि वेतन वेतनमानों के सामान्य पुनर्रीक्षण के समय पर वृत्तिमूलक वेतनमान में नियत किया गया है।

3. किसी सीमित अवधि के लिए बाह्य–संवर्ग पद (पदों) पर कार्य करते समय प्राप्त की गई पदोन्नति (पदोन्नतियां) बशर्ते कि बाह्य सवंर्ग पद (पदों) का वेतन किसी संवर्ग पद के प्रतिवर्तन के समय पर हिसाब में नहीं लिया गया है। उदाहरणार्थ लिपिक के रूप में प्रांरम्भिक नियुक्ति फिर विभागीय परीक्षाओं के रूप फिर लिपिक से आशुटंकण और कनिष्ट वेतनमान आशुलिपिक, उसके बाद लिपिक के रूप में ज्येष्ठता के संदर्भ में सहायक के पद पर पदोन्नति बशर्ते कि न तो आशुटंकण और न ही कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक का वेतन सहायक के वेतन के समय हिसाब में लिया गया है।

8. **ए.सी.पी. स्तर की पात्रता की अन्य सामान्य शर्तें–** ए.सी.पी. स्तर का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकारी कर्मचारी द्वारा निम्नलिखित सामान्य शर्तों को भी पूरा करना होगाः–

(क) प्रथम, द्वितीय या तृतीय ए.सी.पी. स्तर में किसी को प्रदान करने के लिए पात्रता के लिए अपनी–अपनी विहित अवधि पूरी करने के बाद से सरकारी कर्मचारी उसके संवर्ग में वृत्तिमूलक पदानुक्रम में केवल ठीक अगले उच्चतर पद पर पदोन्नत किए जाने के लिए योग्य होगा, किन्तु उपयुक्तता के बावजूद वह पदानुक्रम में पदोन्नत पद पर रिक्ति की कमी या अन्यथा के कारण वृत्तिमूलक रूप में पदोन्नत नहीं किया जा सकेगा, जिसके लिए वह पदोन्नति का पात्र है;

(ख) यदि ऐसी पदोन्नति के लिए कोई विभागीय या अन्य परीक्षा पास करना, उच्चतर शैक्षिणक योग्यता इत्यादि का अर्जन शामिल है तो ऐसी शर्त भी सरकारी कर्मचारी द्वारा पूरी की जाएगी ।

अपवाद– शैक्षणिक योग्यता तथा विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, की शर्त ए.सी.पी. स्तर हेतु पात्रता आधारित करते समय ग्रुप घ कर्मचारियों को लागू नहीं होगी जहां पद जिसके लिए मैट्रिकुलेशन या से ऊपर की शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है से अन्यथा पदानुक्रम में कोई भी पदोन्नत पद नहीं है ।

टिप्पण 1.– जब कोई सरकारी कर्मचारी उसके विरुद्ध लम्बित विभागीय/न्यायिक कार्यवाहियों या अन्यथा के कारण ए.सी.पी. स्तर प्रदान करने के लिए पात्रता की तिथि को पदोन्नति के लिए योग्य नहीं है तो उसे ए.सी.पी. स्तर का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा जब तक उसे पदोन्नति के लिए योग्य घोषित नहीं किया जाता है, यह पश्चात्वर्ती ए.सी.पी. अपग्रेडेशन पर भी परिणामिक प्रभाव भी रखती है ।

टिप्पण 2.– जहां सरकारी कर्मचारी को उसके विरुद्ध लम्बित विभागीय कार्यवाहियों के कारण ए.सी.पी. स्तर का लाभ प्रदान करने के लिए इन्कार किया जाता है तथा पश्चात्वर्ती किसी दूसरे मामले के सम्बन्ध में दूसरा आरोप पत्र भी जारी किया गया है किन्तु इस दौरान यदि पूर्व आरोप पत्र से छूट जाता है तो उसे ए.सी.पी. स्तर का लाभ प्रदान किया जाएगा बशर्ते कि वह पश्चात्वर्ती आरोप पत्र जारी करने की तिथि से पूर्व अन्यथा अनुज्ञेय है ।

टिप्पण 3.– ए.सी.पी. स्तर आगामी मास जिसमें सरकारी कर्मचारी उसके लिए पात्र हो जाता है के प्रथम दिन से प्रदान किया जाएगा ।

टिप्पण 4.– जहां पदानुक्रम में कोई भी पदोन्नत पद नहीं है, ऐसे मामले में ए.सी.पी. स्तर केवल विहित नियमित संतोषजनक सेवा के पूरा होने पर प्रदान किया जाएगा ।

9. **निर्वहन किये जाने वाले दायित्व इत्यादि.–** ए.सी.पी. स्तर में डाले जाने पर सरकारी कर्मचारी उस द्वारा धारित उसके पूर्व पद की परिचालन ड्यूटी को धारण करना जारी रखेगा तथा ऐसे समय तक पूर्व पदनाम धारण करता रहेगा, जिस समय वह किसी रिक्ति के होने पर उच्चतर पद पर वास्तव में पदोन्नत नहीं किया जाता है।

10. **ए.सी.पी. स्तर इत्यादि के परिणाम.–** ए.सी.पी. स्तर में डाला जाना केवल वेतन लेने का तथा ए.सी.पी. स्तर में वेतन पर भत्तों का वित्तीय लाभ लेने का हकदार बनाएगा। दूसरी हकदारी जिसमें कर्मचारी की हैसियत पर सामान्य तौर पर आश्रित हकदारी शामिल है, उसके पद के संदर्भ में अवधारित किया जाना जारी रहेगा, जिस पर वह ए.सी.पी. स्तर वेतन लेते समय अधिष्ठायी या स्थानापन्न हैसियत में कार्य कर रहा है।

11. सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर का दिया जाना.–

(1) नियम 6, 7 तथा 8 केवल सुसंगत सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर में डाले जाने के लिए पात्रता की शर्तें विहित करते हैं तथा सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर में स्वतः डाला जाना प्राधिकृत नहीं करता है, जिसमें सरकारी कर्मचारी इन नियमों के अधीन डाले जाने के लिए पात्र हैं । सरकारी कर्मचारी की दशा में पदोन्नति देने के लिए सक्षम प्राधिकारी समुचित सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर में किसी सरकारी कर्मचारी को रखा जाना प्राधिकृत करते हुए इन नियमों के अधीन सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर प्रदान करने के लिए उचित आदेश पारित करने की अपेक्षा की जाएगी। नियम 6 या 7 के अधीन ऐसे आदेश पारित करने से पूर्व, सक्षम प्राधिकारी सुनिश्चित करेगा,–

(क) कि यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति है, ऐसी समिति उन मामलों पर सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर प्रदान करने के लिए मामलों पर भी विचार करेगी मानो ये पदोन्नति के लिए उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए मामले थे तथा उनकी सिफारिशों पर ऐसी रीति में विचार किया गया है, जैसा वृत्तिमूलक पदोन्नति की दशा में विचार किया जाता है;

(ख) कि इन नियमों अथवा इन नियमों के अधीन जारी किए गए किसी अन्य आदेशा/अनुदेशों आदि में अधिकथित शर्तों तथा उपबंधों का अथवा इस प्रयोजन से अन्यथा कठोर अनुपालन किया गया है;

(ग) कि सरकारी कर्मचारी जो ए.सी.पी. सामान्य स्कीम के अधीन आते हैं को दिये गए वित्तीय अपग्रेडेशनों की संख्या उस वेतनमान के सन्दर्भ में गिनी जाती है या पद का वेतन ढांचा जिसके लिए सरकारी कर्मचारी नए प्रवेशक के रूप में सीधी भर्ती के आधार पर भर्ती किया गया था । इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक वित्तीय अपग्रेडेशन एक अपग्रेडेशन के रूप में गिना जाएगा। ए.सी.पी. सामान्य स्कीम के अधीन सरकारी कर्मचारी को ए.सी.पी. लाभ नहीं दिया जाएगा यदि वह ए.सी.पी या अन्यथा के रूप में अपने सेवाकाल में पहले ही तीन वित्तीय अपग्रेडेशन प्राप्त कर चुका है;

(घ) कि इन नियमों अथवा किन्ही अन्य नियमों या सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों के उपबंधों का अनुपालन करेगा।

व्याख्या.–इस नियम के प्रयोजन के लिए ''सक्षम प्राधिकारी '' से अभिप्राय होगा, पदानुक्रम में अगले पदोन्नत पद पर पदोन्नति प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी।

(2) इस प्रकार दिया गया ए.सी.पी. स्तर अगामी मास जिस में कोई सरकारी कर्मचारी पात्र हो जाता है के प्रथम दिन से प्रभावी होगा और उस तिथि से नहीं जिसको सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेश जारी किये जाते हैं, यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये आदेश उस तिथि को जारी किए गये हैं, जो पात्रता की देय तिथि से भिन्न है:

परन्तु सरकारी कर्मचारी अपना वेतन सुसंगत एं.सी.पी. वेतन स्तर में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसा वेतन ढांचा देने के लिए केवल आदेश जारी किए जाने के बाद ही प्राप्त करेगा।

(3) ऐसे सरकारी कर्मचारियों के मामलों में जो इन नियमों की अधिसूचना की तिथि को या से पूर्व ए.सी.पी. वेतन ढांचे में अपना वेतन ले रहे है, उपरोक्त उप–नियम, (1) तथा (2) के उपबंधों के अधीन कोई आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा वे ए.सी.पी. स्तर के अनुरूप उस ए.सी.पी. वेतन ढांचा में वेतन प्राप्त करने के लिए हकदार होंगे, जिसमे वे अपना वेतन प्राप्त कर रहे है:

परन्तु दिया गया समझा गया सुनिश्चित जीविका स्तर पुनरीक्षित वेतन ढांचे के लिए अपनी हकदारी को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उसे इन नियमों के लागू होने के फलस्वरूप डाला जायेगा। ऐसे सरकारी कर्मचारी इन नियमों के लागू होने के परिणामस्वरूप वेतन नियतन के प्रयोजनों के लिए इन नियमों के अधीन उनकी पात्रता के अनुसार समुचित पुनरीक्षित वेतन स्तर में रखे जाएंगे।

12. कतिपय मामलों में बढोतरी की स्वीकार्यता–यदि सेवा नियम सीधी भर्ती के माध्यम तथा पदोन्नति के माध्यम से किसी पद को भरने के लिए उपबन्ध करते हैं या परिस्थितियां प्राधिकार देती है तो ए.सी.पी. वेतन स्तर तथा/या वेतन की बढोतरी के लाभ उसी पद पर पदोन्नति द्वारा नियुक्त किये गये ज्येष्ठ सरकारी कर्मचारी को अनुज्ञेय होंगे जिस पर कनिष्ठ सीधी भर्ती सरकारी कर्मचारी उच्चतर ए.सी.पी. स्तर में वेतन ले रहा है। अधिकतम तीन वित्तीय अपग्रेडेशनों की शर्त का वर्जन नहीं होगा, तथापि, इस नियम के प्रयोजन के लिए संतोषजनक रिकार्ड तथा योग्यता इत्यादि की शर्त पूरी की जाएगी ए.सी.पी. स्तर तथा/या वेतन निम्नलिखित रीति में बढ़ाया जाएगा:–

(i) यदि ज्येष्ठ का मैट्रिक्स स्तर कनिष्ठ से निम्न है, तो स्तर बढ़ाया जाएगा;

(ii) यदि मैट्रिक्स का स्तर तथा वेतन दोनों निम्न हैं, तो स्तर तथा वेतन दोनों संतोषजनक रिकार्ड तथा पात्रता के अध्यधीन ए.सी.पी. स्तर प्रदान करने पर अनुज्ञेय सीमा तक बढ़ाया जाएगा।

13. सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर के लिए विशेष हकदारी.–

जहां सरकारी कर्मचारी एक पद से दूसरे पर पदोन्नति के बाद अपने संभावित वेतन तथा/या ए.सी.पी. स्तर से निम्न स्तर में वेतन ले रहा है जो उसको प्रथम/द्वितीय/तृतीय ए.सी.पी. स्तर में अनुज्ञेय हो जाएगा यदि वह पदोन्नत नहीं किया गया था, तो उसे विशेष हकदारी के रूप में पदोन्नत पद तथा ए.सी.पी. वेतन ढांचे तथा/या के संभावित वेतन तथा/या ए.सी.पी. स्तर में परिवर्तन के वेतन का अन्तर प्रदान किया जाएगा:

परन्तु ऐसे निम्न वेतन ढॉचे के साथ किसी पद पर ऐसी वृत्तिमूलक पदोन्नति इन नियमों के प्रयोजनों के लिए वित्तीय अपग्रेडेशन के रूप में नहीं गिना जाएगा।

14. ए.सी.पी. स्तर की हकदारी की समाप्ति.–

(1) कोई सरकारी कर्मचारी जो पदानुक्रम की लाईन में अपनी पदोन्नति छोड़ देता है या किसी आधार चाहे जो भी हो पर फीडर पद पर अपनी स्वयं की सहमति पर पदावनति चाहता है तो संभावित वेतन के बराबर जो अनुज्ञेय किया जाएगा यदि उसे तृतीय/द्वितीय/प्रथम ए.सी.पी. स्तर, जैसी भी स्थिति हो, प्रदान नहीं किया गया था के बराबर.–

(क) तृतीय ए.सी.पी. स्तर में वेतन लेते समय द्वितीय ए.सी.पी. स्तर में वेतन पुनः नियत किया जाएगा;

(ख) द्वितीय ए.सी.पी. स्तर में वेतन लेते समय प्रथम ए.सी.पी. स्तर में वेतन पुनः नियत किया जाएगा;

(ग) प्रथम ए.सी.पी. स्तर में वेतन लेते समय समय वृत्तिमूलक वेतन ढांचे में वेतन पुनः नियत किया जाएगा।

(2) यदि ऐसा सरकारी कर्मचारी पदोन्नति स्वीकार करने के लिए तैयार हो जाता है, ऐसे मामले में न्यूनतम एक वर्ष के अध्यधीन छोड़ी गई पदोन्नति/पदावनति की तिथि तथा पदोन्नति स्वीकार करने के लिए तैयारी करने हेतु आवेदन की तिथि के बीच सेवा की अवधि ए.सी.पी. स्तर प्रदान करने के प्रयोजन के लिए नियमित संतोषजनक सेवा से निकाल दी जाएगी। पदोन्नत पद का प्रभार ग्रहण करने पर वेतन छोड़ी गई पदोन्नति या सामान्य नियमों के अधीन पदोन्नत पद के वेतन के नियतन, जो भी उच्चतर हो से ठीक पूर्व ए.सी.पी. वेतन ढांचे में दिये जा रहे वेतन के बराबर पुनः नियत किया जाएगा;

परन्तु सक्षम प्राधिकारी द्वारा चाही गई एक बार स्वीकार की गई पदोन्नति या छोड़ी गई पदोन्नति के लिए अनुरोध वापिस नहीं लिया जाएगा, किसी सरकारी कर्मचारी ने एक बार अपनी पदोन्नति छोड़ दी है या फीडर पद पर पदोन्नति मांगी है तो ऐसी छोड़ी गई पदोन्नति ली गई पदोन्नति न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए या ऐसी अवधि तक वह पदोन्नति के लिए अपने नाम पर पुनः विचार के लिए लिखित में देता है, जो भी बाद हो, लागू रहेगी।

15. पदों का ए.सी.पी. स्तर. –

इन नियमों के प्रयोजन के लिए ए.सी.पी. स्तर नीचे दिये गये के अनुसार होंगेः–

(क) काडर विशिष्ट सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम के मामले में पुनरीक्षित सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर अनुसूची 1 के भाग । में यथा वर्णित होगा।

(ख) सामान्य सुनिश्चित जीविका प्रगति स्कीम के मामले में पुनरीक्षित वेतन स्तर अनुसूची । के भाग ।। में यथा विनिर्दिष्ट होगाः

परन्तु उन पदों की दशा में, जिनके लिए वृतिमूलक वेतन ढांचे प्रथम जनवरी, 2016 को या उससे पूर्व पुनरीक्षित उपांतरित किये गये है तो इस नियम के प्रयोजन के लिए इस प्रकार पुनरीक्षित वेतनमानों को इन पदों का वृत्तिमूलक वेतनमानों के रूप में समझा जाएगा।

16. पुनरीक्षित सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर में वेतन लेने.–

इन नियमों में यथा अन्यथा उपबंधित के सिवाय कोई सरकारी कर्मचारी उसके मामले में यथा लागू पुनरीक्षित ए.सी.पी. स्तर में अर्थात प्रथम सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर या द्वितीय सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर या तृतीय सुनिश्चित जीविका प्रगति स्तर में वेतन लेंगेः

परन्तु सरकारी कर्मचारी तब तक वर्तमान वेतन ढांचे में वेतन लेता रहेगा, जब तक वह उस तिथि को उसी वर्तमान वेतन ढांचे में अगली वेतनवृद्धि अर्जित करता है अथवा जब तक वह अपना पद खाली करता है अथवा उस वर्तमान वेतन ढांचे में वेतन लेना बंद कर देता हैः

परन्तु यह और कि उन मामलों जहां किसी सरकारी कर्मचारी जनवरी, 2016 से प्रथम दिन और इन नियमों की अधिसूचना की तिथि के बीच सुनिश्चित जीविका प्रगति प्रदान की गई है तो ऐसी सुनिश्चित जीविका प्रगति के प्रदान करने की तिथि या प्रथम जुलाई 2016, जैसी भी स्थिति हो, से संशोधित वेतन ढांचे में परिवर्तन के लिए चयन कर सकता है।

व्याख्याः 1 इस नियम के परन्तुक के अधीन वेतनमान वेतन ढांचा रखने के लिए विकल्प केवल एक वेतन ढांचे के लिए अनुज्ञेय होगा।

व्याख्याः 2 जहां किसी पद के ए.सी.पी. ग्रेड वेतन प्रथम जनवरी, 2016 से और अधिसूचना की तिथि की अवधि के बीच ऐसे पद के कर्मचारी को प्रदान किये गये ए.सी.पी. वेतन ढांचे के विलीन के रूप में बढ़ाया गया है, तो ए.सी.पी. वेतन ढांचे के प्रदान करने की तिथि या प्रथम जुलाई, 2016 से संशोधित वेतन ढांचे के लिए चयन कर सकता है किन्तु उस मामले में पद के 31 दिसम्बर, 2015 को ए.सी.पी. वेतन ढांचे में विकल्प की तिथि को अनुज्ञेय विद्यमान मूल वेतन को संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में वेतन के नियतन के प्रयोजन के लिए हिसाब में लिया जाएगा।

व्याख्याः 3 उपरोक्त विकल्प जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को या के बाद प्रथम बार के लिए किसी व्यक्ति को प्रदान की गई ए0सी0पी0 के लिए अनुज्ञेय नहीं होगा और उसे केवल संशोधित वेतन ढांचे में अनुज्ञात होगा।

17. विकल्प का प्रयोग.–

(1) नियम 16 के उपबंधों के अधीन विकल्प इन नियमों से संलग्न प्ररूप में लिखित में किया जाएगा ताकि उप नियम (2) में वर्णित प्राधिकारी के पास तीन मास के भीतर पहुंच जाएः–

(क) इन नियमों की अधिसूचना की तिथि से ; या

(ख) तिथि जहां वेतन ढांचे में पुनरीक्षण तथा/या वेतन का नियतन भूतलक्षी प्रभाव से इन नियमों की अधिसूचना की तिथि के बाद किसी आदेश द्वारा किया गया हैः

परन्तु–

(i) उस सरकारी कर्मचारी के मामले में जो ऐसी अधिसूचना की तिथि को या ऐसे आदेश की तिथि को, जैसी भी स्थिति हो, भारत के बाहर या तो छुट्टी पर था या प्रतिनियुक्ति पर था या विदेशी सेवा में था तो उक्त विकल्प लिखित में किया जाएगा ताकि उक्त प्राधिकारी को भारत में अपने पद का कार्य ग्रहण करने की तिथि के तीन मास के भीतर पहुंच जाए; तथा

(ii) जहां सरकारी कर्मचारी जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को निलम्बनाधीन है विकल्प उसके ड्यूटी की वापिसी की तिथि के तीन मास के भीतर प्रयोग किया जाएगा यदि वह तिथि इस उप–नियम में विहित तिथि से बाद की है।

(2) विकल्प की सूचना सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने कार्यालयाध्क्ष को इन नियमों से संलग्न प्ररूप में वचनबद्धता सहित दी जाएगी।

(3) यदि विकल्प के संबंध में सूचना उप नियम (1) में वर्णित समय के भीतर प्राप्त नहीं होती है तो सरकारी कर्मचारी जनवरी, 2016 के प्रथम दिन से संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे द्वारा शासित किये जाने के लिए चयन किया गया समझा जायेगा।

(4) एक बार प्रयोग किया गया विकल्प अन्तिम होगा।

टिप्पण 1– व्यक्ति जिनकी सेवाएं प्रथम जनवरी, 2016 को या उसके बाद समाप्त कर दी गई थी तथा जो मृत्यु, स्वीकृत पद की समाप्ति पर सेवामुक्त, त्यागपत्र, पदच्युति अथवा अनुशासनिक कार्रवाई आधार पर सेवा से हटाए जाने के कारण निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना विकल्प नहीं दे सके थे उप नियम (1) के अधीन विकल्प का प्रयोग करने के लिए हकदार होंगे।

टिप्पण 2– व्यक्ति जिनकी मृत्यु जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को या उसके बाद हो गई थी और संशोधित वेतन ढांचे के लिए विकल्प निर्धारित समय सीमा के भीतर नहीं चुन सके थे तो विकल्प का प्रयोग जनवरी 2016 के प्रथम दिन को तथा से या बाद की ऐसी तिथि जो उनके आश्रितों के लिए ज्यादा लाभदायक है संशोधित वेतन ढांचे के लिए किया गया विकल्प समझा गया है, यदि संशोधित वेतन ढांचा अधिक हक में हो, तो ऐसे मामलों में वेतन बकाया को भुगतान के लिए विभागध्यक्ष द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

टिप्पणी 3– ऐसे व्यक्ति जो जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को अर्जित छुट्टी या किसी अन्य छुट्टी पर थे जो उन्हें छुट्टी वेतन के लिए हकदार बनाती थी उप–नियम (1) के अधीन विकल्प का प्रयोग करने के लिए हकदार होंगे।

18. संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में वेतन का नियतन .–

कोई ऐसा सरकारी कर्मचारी जो जनवरी 2016 के प्रथम दिन को या से संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचा शासित किये जाने वाले नियम 17 के अधीन चयन करता है या चयन किया गया समझा गया है को वेतन निम्नलिखित रीति में नियत किया जाएगा अर्थातः–

(क) ए.सी.पी. स्कीम के अधीन आने वाले सभी कर्मचारियों की दशा में,

(i) वेतन मैट्रिक्स में लागू ए.सी.पी. स्तर में वेतन 2.57 के गुणक द्वारा विद्यमान मूल वेतन से गुणा करते हुए प्राप्त किया गया वेतन होगा, नजदीकी रुपये का पूर्णांक में तथा इस प्रकार आने वाली राशि उस ए.सी.पी. स्तर में निर्धारित की जाएगी तथा ऐसी एक समान राशि लागू ए.सी.पी. स्तर में किसी सेल के समरूप है तो वहीं वेतन होगा, तथा

(ii) यदि ऐसा कोई भी सेल लागू ए.सी.पी. स्तर में उपलब्ध नहीं है, तो वेतन उस लागू ए.सी.पी. स्तर में ठीक अगले उच्चतर सेल में नियत किया जाएगा। यदि न्यूनतम संशोधित ए.सी.पी. स्तर उपरोक्त (i) के अनुसार प्राप्त की गई राशि से अधिक है तो वेतन न्यूनतम संशोधित ए.सी.पी. स्तर पर नियत किया जाएगा;

जहां किसी सरकारी कर्मचारी को किसी पद जिसका ग्रेड वेतन उच्चतर ग्रेड वेतन में विलीन या अपग्रेड किया गया है पर प्रथम जनवरी 2016 से तथा अधिसूचना की तिथि की अवधि के बीच ए.सी.पी. प्रदान किया गया है प्रथम जनवरी 2016 के बाद की तिथि से संशोधित वेतन ढांचे के लिए चयन करता है किन्तु उनके

मामलें में विकल्प की तिथि को उन द्वारा धारित पद के 31 दिसम्बर, 2015 को वेतन ढांचा हिसाब में लिया जाएगा ।

(ख) उन कर्मचारियों की दशा में जो वर्तमान वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त विशेष वेतन/भत्ता प्राप्त कर रहे हैं जिनकी किसी विषेश वेतन/भत्ता के बिना वेतन बैण्ड तथा ग्रेड वेतन द्वारा प्रतिस्थापित करने के लिए सिफारिश की गई है, तो उपरोक्त (क) के उपबंधों के अनुसार संशोधित वेतन ढांचे में नियत किया जाएगा;

(ग) उन कर्मचारियों की दशा में जो वर्तमान वेतनमान में वेतन जैसे छोटे परिवार मानदण्ड को उन्नत करने के लिए वैयक्तिक वेतन इत्यादि के अतिरिक्त किसी अन्य नाम पद्वति से विषेश वेतन प्राप्त कर रहे हैं तथा उन मामलों में उसे उसी दर पर या विभिन्न दर पर समरूपी भत्ता/वेतन सहित संशोधित ढांचे में बदला गया है, तो संशोधित ढांचे में वेतन उपरोक्त खण्ड (क) के उपबन्धों के अनुसार नियत किया जाएगा । ऐसे मामलों में यथा अनुमोदित नई दर पर भत्ता इन भत्तों से सम्बन्धित सुसंगत अधिसूचनाओं में विनिर्दिष्ट तिथि से वेतन के संशोधित ढांचे में वेतन के अतिरिक्त प्राप्त करेंगे ।

(घ) चिकित्सा अधिकारियों की दशा में जिनके सम्बन्ध में गैर व्यवसाय भत्ता अनुज्ञेय है, संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में वेतन निम्नलिखित रीति में नियत किया जाएगा अर्थात्:–

(i) विद्यमान मूल वेतन 2.57 के गुणक द्वारा गुणा किया जाएगा तथा इस प्रकार आने वाली राशि प्रथम जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को अनुज्ञेय पूर्व संशोधित गैर व्यवसाय भत्ता पर महंगाई भत्ता के बराबर किसी राशि द्वारा जोड़ी जाएगी । इस प्रकार आने वाली राशि ए.सी.पी. स्तर में निर्धारित की जाएगी तथा यदि एक समान राशि लागू ए.सी.पी. स्तर में किसी सेल के समरूप है तो वही वेतन होगा तथा यदि ऐसा कोई भी सेल लागू ए.सी.पी. स्तर में उपलब्ध नहीं है तो वेतन, वेतन मैट्रिक्स उस पर लागू स्तर में ठीक अगले उच्चतर सेल में नियत किया जाएगा;

(ii) उक्त खण्ड (i) के अधीन इस प्रकार नियत किया गया वेतन विद्यमान मूल वेतन पर अनुज्ञेय पूर्व–संशोधित गैर व्यवसाय भत्ते द्वारा जोड़ा जाएगा जब तक आगे गैर व्यवसाय भत्ते की संशोधित दरों पर निर्णय नहीं हो जाता ।

टिप्पण 1.– कोई सरकारी कर्मचारी जो जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को अध्ययन छुट्टी सहित छुट्टी पर है तथा छुट्टी वेतन के लिए हकदार है तो जनवरी 2016, के प्रथम दिन या संशोधित वेतन ढांचे के लिए विकल्प की तिथि से संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में वेतन के लिए हकदार होगा ।

टिप्पण 2.– निलम्बनाधीन सरकारी कर्मचारी की दशा में, वह विद्यमान वेतन ढांचे पर आधारित जीवन–निर्वाह भत्ता प्राप्त करता रहेगा और संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में उसका वेतन लम्बित अनुशासनिक कार्यवाहियों पर किसी अंतिम आदेश या अन्यथा किसी अंतिम आदेश, जैसी भी स्थिति हो, के अध्यधीन होगा ।

टिप्पण 3.– जहां किसी सरकारी कर्मचारी की दशा में 'विद्यमान उपलब्धियां संशोधित उपलब्धियों से अधिक है तो अन्तर वेतन में भविष्य बढ़ोतरी में समाविष्ट किये जाने वाले वैयक्तिक वेतन के रूप में अनुज्ञात होगा।

टिप्पण 4.– जहां कोई सरकारी कर्मचारी इन नियमों की अधिसूचना की तिथि से ठीक पूर्व वैयक्तिक वेतन प्राप्त कर रहा है जिसके साथ–साथ उसकी विद्यमान उपलब्धियों संशोधित उपलब्धियां से अधिक हो जाती है तो ऐसी अधिकता वाला अंतर ऐसे सरकारी कर्मचारी को वेतन में भविष्य में बढ़ोतरी समाविष्ट किए जाने वाले वैयक्तिक वेतन के रूप में अनुज्ञात होगा ।

टिप्पण 5.– (क) जहां उप–नियम (1) के अधीन वेतन के नियतन में किसी सरकारी कर्मचारी का वेतन जो विद्यमान ए.सी.पी. वेतन ढांचे में जनवरी, 2016 के प्रथम दिन से ठीक पूर्व प्राप्त कर रहा था उसी संवर्ग में उससे कनिष्ठ दूसरा सरकारी कर्मचारी अधिक वेतन लेता है तो ऐसे कनिष्ठ के उससे निम्नतर सेल में संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में नियत किया जाता है तो उसका वेतन उसके कनिष्ठ के रूप में संशोधित वेतन ढांचे में उसी सेल तक बढ़ाया जाएगा ।

(ख) यदि जहां कोई ज्येष्ठ सरकारी कर्मचारी जनवरी, 2016 के प्रथम दिन से पूर्व दिए गए ए.सी.पी. वेतन ढांचे में अपने कनिष्ठ जिसे जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को या के बाद ए.सी.पी. स्तर प्रदान किया गया है से संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में कम वेतन प्राप्त करता है, तो वरिष्ठ सरकारी कर्मचारी का वेतन उसके कनिष्ठ के लिए यथा नियत ए.सी.पी. वेतन ढांचे में वेतन के बराबर राशि को बढ़ाया जाएगा। बढ़ोतरी कनिष्ठ सरकारी कर्मचारी को ए.सी.पी. स्तर प्रदान करने की तिथि से की जाएगी।

उपरोक्त (क) तथा (ख) के अधीन बढ़ोतरी निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन होगी, अर्थातः–

(i) दोनों कनिष्ठ तथा ज्येष्ठ सरकारी कर्मचारी एक ही संवर्ग के होने चाहिए तथा ए.सी.पी. वेतन ढांचा एक समान होना चाहिए,

(ii) निम्नतर तथा उच्चतर पद जिसमें वे वेतन प्राप्त करने के हकदार हैं का वर्तमान वेतन ढांचा और संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचा समान होना चाहिए;

(iii) वरिष्ठ सरकारी कर्मचारी प्रथम, द्वितीय या तृतीय ए.सी.पी., जैसी भी स्थिति हो, लेते समय उस कनिष्ठ के बराबर या अधिक वेतन प्राप्त कर रहा होना चाहिए।

(iv) विसंगति प्रत्यक्षतः संशोधित वेतन ढांचे में ऐसी पदोन्नति पर वेतन नियतन को विनियमित करने वाले सिविल सेवा नियमों या किसी अन्य नियम या आदेश के उपबंध के लागूकरण के परिणामस्वरूप हैं:

परन्तु यदि कनिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत उपाय पर उसको प्रदान की गई किन्हीं अग्रिम वेतन वृद्धि (वेतन वृद्धियों) या अन्यथा के फलस्वरूप ज्येष्ठ से वर्तमान वेतन ढांचे में अधिक वेतन ले रहा था, तो इस उप–नियम के उपबंधों का आवहान ज्येष्ठ अधिकारी के वेतन को बढ़ाने के लिए नहीं किया जायेगा ।

(ग) खण्ड (क) तथा (ख) के अनुसार वरिष्ठ अधिकारी के वेतन के पुनः नियतन से सम्बन्धित आदेश हरियाणा सिविल सेवा नियमों के अधीन जारी किया जाएगा और ज्येष्ठ अधिकारी वेतन के पुनः नियतन की तिथि से अपनी अपेक्षित अर्हक सेवा पूरी करने पर अगली वेतन–वृद्धि के लिए हकदार होगा ।

टिप्पणः– प्रथम, द्वितीय या तृतीय ए.सी.पी. स्तर, जैसी भी स्थिति हो, का प्रतिस्थापन वृत्तिमूलक पदोन्नति के कारण नहीं होता है किन्तु तीन प्रतिशत की दर से एक वेतन वृद्धि का लाभ ए.सी.पी. स्तर में अनुज्ञेय है । ए.सी.पी. वेतन ढांचे में वेतन लेते समय उच्चतर स्तर के एक पद से दूसरे पद पर पदोन्नति पर पदोन्नति की एक वेतन–वृद्धि का लाभ भी अनुज्ञेय होगा, तथापि, पदोन्नति का ऐसा लाभ अनुज्ञेय नहीं होगा जहां पदोन्नत पद का स्तर ए.सी.पी. स्तर के समान है या ए.सी.पी. स्तर से निम्न है जिसमें सरकारी कर्मचारी पदोन्नति से पूर्व अपना वेतन ले रहा है ।

19. संशोधित ए.सी.पी. ढांचे में अगली वेतन वृद्धि की तिथि .–

(1) वेतन वृद्धि प्रदान करने के लिए दो तिथियां होंगी अर्थात् प्रथम जुलाई की विद्यमान तिथि के बजाय प्रत्येक वर्ष की प्रथम जनवरी और प्रथम जुलाई;

परंतु कोई कर्मचारी ए.सी.पी. अपग्रेडेशन प्रदान करने की तिथि पर निर्भर करते हुए या तो प्रथम जनवरी या प्रथम जुलाई को केवल एक वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए हकदार होगाः

परंतु यह और की कोई सरकारी कर्मचारी जो प्रथम जुलाई या प्रथम जनवरी, जैसी भी स्थिति हो, को देय सामान्य वेतन वृद्धि की तिथि से पूर्व छह मास की अर्हक सेवा पूरी नहीं करता है, तो उसकी अगली वेतन वृद्धि की तिथि प्रथम जनवरी या प्रथम जुलाई में परिवर्तित हो जाएगी और स्वीकार्यता के अध्यधीन प्रदान की जाएगी

(2) जनवरी के द्वितीय दिन तथा जुलाई के प्रथम दिन (दोनों को मिलाकर) के बीच की अवधि के दौरान वित्तीय अपग्रेडेशन प्रदान करने पर किसी कर्मचारी के संबंध में वेतनवृद्धि किसी जनवरी के प्रथम दिन को प्रदान की जाएगी और जुलाई के द्वितीय दिन और जनवरी के प्रथम दिन (दोनों को मिलाकर) के बीच की अवधि के दौरान वित्तीय अपग्रेडेशन प्रदान करने पर किसी कर्मचारी के संबंध में वेतनवृद्धि जुलाई के प्रथम दिन को प्रदान की जाएगी।

(क) जुलाई, 2016 के द्वितीय दिन और जनवरी, 2017 के प्रथम दिन के बीच की अवधि के दौरान किसी कर्मचारी को प्रदान की गई ए.सी.पी. की दशा में प्रथम वेतनवृद्धि जुलाई, 2017 प्रथम दिन देय होगी और उसके बाद यह एक वर्ष के बाद वार्षिक आधार पर देय होगी।

(ख) जनवरी, 2016 के द्वितीय दिन और जुलाई, 2016 के प्रथम दिन के बीच की अवधि के दौरान किसी कर्मचारी को प्रदान की गई ए.सी.पी. की दशा में जो जुलाई, 2016 के प्रथम दिन को कोई वेतन वृद्धि नहीं लेता तो अगली वेतनवृद्धि जनवरी, 2017 के प्रथम दिन को देय होगी और उसके बाद यह एक वर्ष के बाद वार्षिक आधार पर देय होगी :

परन्तु ऐसे कर्मचारियों की दशा में, जिनका वेतन संशोधित ए.सी.पी. वेतन ढांचे में जनवरी के प्रथम दिन को नियत किया गया है, तो अगली वेतन वृद्धि उस स्तर में जिसमें वेतन जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को इस प्रकार नियत किया गया था जुलाई, 2016 के प्रथम दिन को देय होगीः

परन्तु यह और की जुलाई, 2016 के प्रथम दिन को वेतन वृद्धि लेने के बाद अगली वेतन वृद्धि जुलाई, 2017 के प्रथम दिन को देय होगी।

20. जनवरी, 2016 के प्रथम दिन को पश्चात्वर्ती तिथि से वेतन का नियतन.–

जहां कोई सरकारी कर्मचारी वर्तमान वेतन ढांचे में अपना वेतन प्राप्त करना जारी रखता है तथा जनवरी, 2016 के प्रथम दिन के बाद की तिथि से संशोधित वेतन ढांचे में लाया गया है तो उसका वेतन संशोधित वेतन ढांचे में बाद की तिथि से नियम 18 के उप–नियम (1) के खण्ड (क) के अनुसार नियत किया जाएगा।

21. प्रथम जनवरी, 2016 को या के बाद ए.सी.पी. स्तर में रखने पर वेतन का नियतन.–

संशोधित ए.सी.पी. स्तर में एक स्तर से दूसरे में आने की दशा में, नियतन निम्न अनुसार किया जाएगाः–

(1) सरकारी कर्मचारी स्तर के सैल में एक वेतन वृद्धि जोड़ी जाएगी जिसमें वह ए.सी.पी. स्तर प्रदान करने से ठीक पूर्व वेतन प्राप्त कर रहा है और उसे ए.सी.पी. स्तर में इस प्रकार आई राशि के बराबर सैल में रखा जाएगा और

यदि कोई भी ऐसा सैल ए.सी.पी. स्तर उपलब्ध नहीं हैं, तो उसे उस ए.सी.पी. स्तर में अगले उच्चतर सैल में रखा जाएगा।

(2) ए.सी.पी. स्तर में वेतन लेते समय वेतन वृद्धि या अन्यथा के कारण पूर्व स्तर के संभावित वेतन में बढ़ोतरी पर, वर्तमान स्तर का वेतन पुनः नियत किया जाएगा मानों पदधारी को ऐसी बढ़ोतरी की तिथि को ए.सी.पी. स्तर प्रदान किया गया है यदि यह 19 जुलाई, 2016 से पूर्व लागू पंजाब सिविल सेवा नियम, जिल्द–।, भाग । के नियम 4.14 (2) तथा 19 जुलाई, 2016 से लागू हरियाणा सिविल सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम 21 में यथा उपबंधित उसके लाभकर है।

22. वेतन के बकाया का भुगतान का ढंग.–

बकाया चालू वित वर्ष 2016–2017 के दौरान अधिमानतः नगदी में दिया जायेगा।

व्याख्याः–इस नियम के प्रयोजनों के लिए;

(क) सरकारी कर्मचारी के सम्बन्ध में ''वेतन बकाया'' से अभिप्राय है निम्नलिखित के बीच अंतरः–

(i) वेतन तथा महंगाई भत्तों का पूर्णयोग जिसके लिए वह जनवरी, 2016 के प्रथम दिन से प्रभावी अवधि के लिए इन नियमों के अधीन अपने वेतन के पुनरीक्षिण के कारण हकदार है; तथा

(ii) वेतन तथा महंगाई भत्तों का पूर्णयोग जिसके लिए वह उस अवधि, यदि उसका वेतन तथा भत्ता इस प्रकार संशोधित नहीं किया गया था, के लिए हकदार हो जाएगा (चाहे ऐसा वेतन और महंगाई भत्ता प्राप्त किया गया था या नहीं)

(ख) ग्रुप ग तथा घ कर्मचारियों को भुगतान किया गया प्रतिमास दो हजार रूपये की दर से अंतिरम राहत प्रथम जनवरी 2016 से बंद की जाती है और आगे प्रथम जनवरी 2016 से भुगतान की गई उनसे वसूल की जाएगी।

(ग) हरियाणा पुलिस तथा कारागार विभाग के कार्मिकों को अनुदेश दिनांक 19 दिसम्बर 2013 द्वारा प्रदान किये जा रहे प्रतिमास 5000 रूपये (केवल पांच हजार रूपये) का जोखिम भत्ता ऐसे समय तक जारी रहेगा जब तक सरकार द्वारा पृथक रूप से ऐसे आदेश जारी न किये जाएं।

23. नियमों का अध्यारोही प्रभाव.–

सिविल सेवा नियम या इस संबध में बनाए गए किन्ही अन्य नियमों के उपबंध, ऐसे मामलों को जहां वेतन को इन नियमों के अधीन विनियमित किया जाता है, उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक वे इन नियमों से असंगत हैं।

24. ढील देने की शक्ति.–

जहाँ सरकार की संतुष्टि हो जाती है कि इन नियमों के सभी या किन्ही उपबंधों के प्रवर्तन से किसी विशेष मामले में अनावश्यक कठिनाई उत्पन्न होती है तो वह आदेश द्वारा ऐसी सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हए जो वह न्यायसंगत और साम्यापूर्ण रीति में मामले को निपटाने के लिए आवश्यक समझे, उस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति दे सकती है या उनमें ढील दे सकती है।

टिप्पणः–इस नियम के अधीन इस प्रकार दी गई ढील सरकारी कर्मचारियों के ऐसे वर्ग तथा प्रवर्गों के गुणागुण पर निर्भर रहते हुए दी गई समझी जाएगी और इसलिए सरकारी कर्मचारियों के किसी अन्य वर्ग या प्रवर्ग से पक्षपात के रूप में नहीं मानी जाएगी।

25. परिवर्धन या विलोपन इत्यादि करने की शक्ति.–

जहाँ सरकार की संतुष्टि हो जाती है कि पदों के किसी वर्ग या प्रवर्गों में परिवर्धन या विलोपन करने या इन नियमों की अनुसूचियों में या (1) स्थाई रूप से या अस्थाई रूप से पदनाम तथा वेतन ढांचा बदलने की आवश्यकता है, तो सरकार ऐसी शर्तों को परिवर्धित करने या विलुप्त करने या बदलने में सक्षम होगी। इन नियमों के उपबंध ऐसे परिवर्धनों या विलोपों या परिवर्तनों को लागू होंगे जैसा सरकार विशिष्ट आदेशों द्वारा ऐसा निदेश करे या उसकी अनुपस्थिति में इन नियमों के सभी उपबंध लागू होंगे मानो परिवर्तन किए गए थे।

26. निर्वचन.–

इन नियमों के किन्ही उपबधों के निर्वचन व्याख्या पर यदि कहीं कोई प्रश्न उत्पन्न होता है, तो इसे संबंध प्रशासकीय विभाग के माध्यम से वित विभाग को निर्दिष्ट किया जाएगा।

27. अवशिष्टीय उपबंध प्रावधान.–

किसी सामान्य या विशेष परिस्थिति की दशा में जो इन नियमों के अधीन नहीं आते हैं या जिनके बारे में निश्चित असंगति ध्यान में आई हो तो मामला सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा और सरकार ऐसी परिस्थितियों के अधीन अनुसरण किए जाने वाली शर्तें विहित करेगी। सरकार द्वारा यथा विहित ऐसी शर्तें इन नियमों का भाग समझी जाएगी। आगे, यदि, सरकार की संतुष्टि हो जाती है कि इन नियमों के अधीन कतिपय अतिरिक्त शर्तों को विहित करने की आवश्यकता है तो सरकार ऐसी शर्तें विहित करेगी और इस नियम के अधीन सरकार द्वारा यथा विहित ऐसी अतिरिक्त शर्तें इन नियमों का भाग समझी जाएगी।

अनुसूची क

ए0सी0पी0 वेतन मैट्रिक्स

₹ म

वेतन बैंड	–1एस, 4440–7440	पी0 बी0–1, 5200–20200					पी0 बी0–2, 9300–34800							पी0 बी0–3, 15600–39100					पी0 बी0–4, 37400–67000						**67000&79000** एच0 ए0 जी0
ग्रेड वेतन	जी0 पी0 1300 व 1400 को जी पी0 1650 में विलय कर दिया है	1800	1900	2000	2400	2800	3200	3600	4000	4200	4600	4800	5400	6000	6400	6600	7600	8000	8700	8800	8900	9500	9800	10000	
प्रवेश वेतन (पी0 बी0 जमा जी0पी0 में वेतन)	6580	7000	7730	8460	9910	11360	12500	12900	13300	13500	17140	18150	20280	24600	25000	25350	29500	33110	46100	46200	46300	46900	47200	47400	67000
इण्डैक्स	2-57	2-57	2-57	2-57	2-57	2-57	2-57	2-57	2-57	2-62	2-62	2-62	2-62	2-67	2-67	2-67	2-67	2-67	2-57	2-57	2-67	2-67	2-67	2-72	2-72
स्तर	डी एल1	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
1	16900	18000	19900	21700	25500	29200	32100	33200	34200	35400	44900	47600	53100	65700	66800	67700	78800	88400	118500	118700	123600	125200	126000	128900	182200
2	17400	18500	20500	22400	26300	30100	33100	34200	35200	36500	46200	49000	54700	67700	68800	69700	81200	91100	122100	122300	127300	129000	129800	132800	187700
3	17900	19100	21100	23100	27100	31000	34100	35200	36300	37600	47600	50500	56300	69700	70900	71800	83600	93800	125800	126000	131100	132900	133700	136800	193300
4	18400	19700	21700	23800	27900	31900	35100	36300	37400	38700	49000	52000	58000	71800	73000	74000	86100	96600	129600	129800	135000	136900	137700	140900	199100
5	19000	20300	22400	24500	28700	32900	36200	37400	38500	39900	50500	53600	59700	74000	75200	76200	88700	99500	133500	133700	139100	141000	141800	145100	205100
6	19600	20900	23100	25200	29600	33900	37300	38500	39700	41100	52000	55200	61500	76200	77500	78500	91400	102500	137500	137700	143300	145200	146100	149500	211300
7	20200	21500	23800	26000	30500	34900	38400	39700	40900	42300	53600	56900	63300	78500	79800	80900	94100	105600	141600	141800	147600	149600	150500	154000	217600
8	20800	22100	24500	26800	31400	35900	39600	40900	42100	43600	55200	58600	65200	80900	82200	83300	96900	108800	145800	146100	152000	154100	155000	158600	**224100**
9	21400	22800	25200	27600	32300	37000	40800	42100	43400	44900	56900	60400	67200	83300	84700	85800	99800	112100	150200	150500	156600	158700	159700	163400	
10	22000	23500	26000	28400	33300	38100	42000	43400	44700	46200	58600	62200	69200	85800	87200	88400	102800	115500	154700	155000	161300	163500	164500	168300	
11	22700	24200	26800	29300	34300	39200	43300	44700	46000	47600	60400	64100	71300	88400	89800	91100	105900	119000	159300	159700	166100	168400	169400	173300	
12	23400	24900	27600	30200	35300	40400	44600	46000	47400	49000	62200	66000	73400	91100	92500	93800	109100	122600	164100	164500	171100	173500	174500	178500	
